जनजातीय कार्य मंत्रालय

Azadi Ka Amrit Mahotsav

श्री भूपेंद्र यादव ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया

Posted On: 29 SEP 2021 3:15PM by PIB Delhi

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया जिसके मुख्य अतिथि श्री भूपेंद्र यादव माननीय मंत्री, श्रम और रोजगार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय थे। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, माननीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने भी भाग लिया। संवाद कार्यक्रम का विषय 'जनजातीय ग्रामों में वित्तीय समावेशन व आजीविका का अभिसरण' है जिसमें बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, केंद्रीय मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों, गैर-उचयसरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हर्ष चौहान, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने की जिसमें आयोग के माननीय सदस्य श्री अनंत नायक एवं सचिव श्रीमती अलका तिवारी भी उपस्थित हुए। संवाद के विभिन्न सत्रों में जनजातीय कार्य, पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और अपने मंत्रालयों की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में 'जनजातीय कार्य मंत्रालय की पहल' तथा दूसरे सत्र में 'जनजातीय क्षेत्रों के ग्रामों का विकास' वि-नवजयाय पर विस्तार से चर्चा की गई। यह संवाद कार्यक्रम दिनांक 30 सितंबर,2021 तक के लिए आयोजित है।

******

एनबी/एसके

(Release ID: 1759244) Visitor Counter : 149